# जादूगर मेरा सांवरा नैनो से घायल करे भजन लिरिक्स

जादूगर मेरा सांवरा,
नैनो से घायल करे।

दोहा – तेरा शिव पे चला जादू,
और मीरा पे चला जादू,
क्या कहे सांवरे तेरे नैनो को देखकर,
ना दिल पे रहा काबू।

---

जादूगर मेरा सांवरा,
नैनो से घायल करे,
नैनो से घायल करे,
श्याम नैनो से घायल करे,
जादूगर मेरा साँवरा,
नैनो से घायल करे।bd।

तर्ज – सांवली सूरत पे मोहन।

---

मोटे मोटे नैनो से जब,
नज़र डारे जिस पर ये,
ऐसा जादूगर है सांवरा,
रखता सबको कब्ज़े में,
श्याम लगन में जीवन भर वो,
श्यामा श्यामा गाये रे,
जादूगर मेरा साँवरा,
नैनो से घायल करे।bd।

---

श्याम का जादू चला था शिव पर,
नारी बनकर नाचे थे,
लाख मन किया गौरा माँ ने,
खुद को रोक ना पाए थे,
देख कर अपना रंग शिव पर,
सांवरे मुस्काये रे,
जादूगर मेरा साँवरा,
नैनो से घायल करे।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मीराबाई पे चला था जादू,
छोड़ दिया घर बार रे,
श्याम की चाहत में विष प्याला,
पी गई एक ही सांस में,
'राही' दयालु मेरा सांवरा,
हर पल सबके साथ रे,
जादूगर मेरा साँवरा,
नैनो से घायल करे।bd।

---

जादूगर मेरा साँवरा,
नैनो से घायल करे,
नैनो से घायल करे,
श्याम नैनो से घायल करे,
जादूगर मेरा साँवरा,
नैनो से घायल करे।bd।

**Singer – Manoj Krishna Ji**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com